**A-1.5**

परियोजना का नामः– जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत चौबाटी से बरमबचकुड़ी मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 5.409 है0 वन भूमि का ग्रामीण विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।

## वन भूमि की मांग का औचित्य सहित आख्या।

भारत सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में 250 से अधिक जनसंख्या वाली बसावटों को संयोजित किये जाने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, संचालित है। उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 2492/पी0–03–14/यू0आर0आर0डी0ए0/10, दिनांक 10.03.2010 द्वारा चौबाटी से बरमबचकुड़ी बसावट विकास खण्ड डीडीहाट, जिसकी जनसंख्या 706 है, को संयोजित किये जाने हेतु उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त बसावट विकास खण्ड मुख्यालय से 25.00 किमी0 दूर स्थित है। उक्त बसावट की न्यूनतम दूरी सानदेव–चौबाटी से मुवानी मोटर मार्ग से है। अतः उक्त बसावट को संयोजित किये जाने हेतु सानदेव–चौबाटी से मुवनी से संयोजित किया जाना उचित होगा, जिससे उक्त बसावट की विकास खण्ड मुख्यालय से न्यूनतम दूरी होगी। अतः प्रस्तावित मार्ग के लिए खीरी, नैल, फतोड़ी, बड़ेत एंव बरमबचकुड़ी होते हुये समरेखण प्रस्तावित किया गया है। उक्त मार्ग हेतु अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है। अतः अन्य वैकल्पिक भूमि न होने, प्रस्तावित समरेखण में वन भूमि कम होने, वृक्षों की संख्या कम होने, अधिकतम जनसंख्या एंव बसावट लाभान्वित होने, उचित ग्रेडियन्ट प्राप्त होने, न्यूनतम लम्बाई होने, हेयर पिन बैण्ड न्यूनतम होने एंव भूगर्भीय स्थिति उचित होने के कारण उक्त वन भूमि से मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता,<br>ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग,<br>पी0आई0यू0, पी0एम0जी0एस0वाई0,<br>डीडीहाट। | सहायक अभियन्ता,<br>ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग,<br>पी0आई0यू0, पी0एम0जी0एस0वाई0,<br>डीडीहाट। | अधिशासी अभियन्ता,<br>ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग,<br>पी0आई0यू0, पी0एम0जी0एस0वाई0,<br>डीडीहाट। |